एक बार फिर शहर से अवैध होर्डिंग्स हटाने की शुरू हुई कार्रवाई आधे में रुकी !

नपा सीएमओ के आदेश के बाद आज नवीन बस स्टैण्ड तिराहे से अवैध होर्डिंग हटाने की शुरू कार्रवाई कन्या महाविद्यालय के पास अचानक रोकने को लेकर खड़े हो रहे सवाल

नवभारत न्यूज

सीधी 04 नवम्बर। शहर में अवैध रूप से लगी होर्डिंग्स पर कार्रवाई आज नवीन बस स्टैण्ड की ओर से शुरू तो हुई लेकिन अचानक एक बार फिर कन्या महाविद्यालय तक पहुंचने पर अचानक रुक जाने को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

नगर पालिका द्वारा शहर के मुख्य मार्गों के किनारे लगाई गई अवैध होर्डिंग्स को हटाने के लिए जेसीबी मशीन से कार्रवाई शुरू की। दरअसल नगर पालिका परिषद सीधी की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती मिनी अग्रवाल द्वारा 29 अक्टूबर 2025 को जारी आदेश क्रमांक 4871/राजस्व/न.पा./2025 में नगर पालिका के अतिक्रमण प्रभारी मंगलेश्वर सिंह को तीन दिवस में शहर में लगे अवैध होर्डिंग्स तत्काल हटाने के आदेश दिए गए थे। आदेश में कहा गया था कि यूनिक एडवरटाइजिंग को शहर में यूनीपोल लगाए जाने का कार्यादेश प्राप्त है। ऐसे में शहर में लगी अवैध होर्डिंग्स हटवाए जाने की मांग की गई है। उक्त मांग के तारतम्य में आदेशित किया जाता है कि तीन दिवस के अंदर शहर में लगी अवैध होर्डिंग्स तत्काल हटवाया जाना सुनिश्चित करें। उक्त आदेश के बाद कार्रवाई की समय-सीमा समाप्त हो गई थी जिसके चलते फिर से विरोध के स्वर मुखर होने लगे थे। आखिर आज नगर पालिका द्वारा शहर में लगाई गई अवैध होर्डिंग को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। बताते चलें कि शहर में अवैध होर्डिंग्स लगाने का सिलसिला अनवरत रूप से महीनों से चल रहा था। अवैध होर्डिंग्स लगने के कारण शासन को लाखों रुपए प्रति माह की राजस्व चपत हो रही थी। अवैध होर्डिंग्स शहर में लगाए जाने का विरोध लंबे अरसे से हो रहा था। यहां तक कि नगर पालिका के अधिकांश पार्षद भी शहर में लग रही अवैध होर्डिंग्स को हटाए जाने की मांग कर रहे थे। फिर भी नगर पालिका का संबंधित अमला कार्रवाई करने की बजाय तरह-तरह की बहानेबाजी में उतारू था। यदि कभी कार्रवाई के लिए आदेशित भी किया जाता था तो आधा-अधूरा ही अवैध होर्डिंग्स को हटाने के लिए अभियान चलाया जाता था। ऐसे में शहर के मुख्य चौराहों एवं सडकों के किनारे अवैध होर्डिंग्स लगी हुई थी। अवैध होर्डिंग्स के चलते शहर में सड़क हादसे की संभावना बनी हुई थी।

ऐसा आभाष हो रहा था कि नगर पालिका का जिम्मेदार अमला शहर में लगी अवैध होर्डिंग्स को हटाने की बजाय उनको पूरी तरह से संरक्षण प्रदान कर रहा है। जन हित से जुड़ी उक्त समस्या पर लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की मांग को बुलंद किया जाता था। जिसके चलते नगर पालिका प्रशासन कार्रवाई करने के लिए काफी देर में मजबूर हुआ। यह कार्रवाई काफी पहले हो जानी चाहिए थी। क्योंकि शहर में वैध तरीके से होडिंग्स लगाने के लिए टेंडर की कार्रवाई भी महीनों पहले ही हो चुकी थी। टेंडर लेने वाले दोनो ठेकेदारों द्वारा नए सिरे से शहरी क्षेत्र में अपनी व्यवस्थाएं भी बनाना शुरू कर चुके थे। फिर भी कार्रवाई के लिए नगर पालिका का संबंधित अमला जरूरत नहीं समझ रहा था। आखिर यूनिक एडवरटाइजिंग सीधी द्वारा शहरी क्षेत्र में लगे अवैध होर्डिंग्स को तत्काल हटवाए जाने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदन दिया गया जिससे नई व्यवस्था के तहत प्रचार-प्रसार की बनाई गई व्यवस्था को वैध तरीके से शुरू किया जा सके। इसके बाद नगर पालिका सीएमओ द्वारा अवैध होर्डिंग्स को हटाने के लिए आदेश जारी किया गया।

...एक फोन आया और अधूरे में रुकी कार्रवाई

नगरपालिका द्वारा आज शुरु हुई अवैध होर्डिंग हटाने की कार्रवाई जानकारी मिलते ही जहां ज्यादातर होर्डिंग संचालक स्वयं से अपनी होर्डिंग हटाना शुरु किये। वहीं नवीन बस स्टैण्ड से शुरू कार्यवाही संजय गांधी महाविद्यालय के सामने सीधी सांसद की होर्डिंग हटाने के बाद कन्या महाविद्यालय के सामने लगी विधायक की उमा ग्राफिक्स की होर्डिंग हटाने की कार्रवाई होती तभी वहां उमा ग्राफिक्स से संबंधित एक व्यक्ति पहुंचा और उसके बाद अतिक्रमण प्रभारी के पास एक फोन आया जिसके बाद अतिक्रमण प्रभारी ने यह कर कार्रवाई रोंक दिये की यहीं से कल अवैध होर्डिंग हटाने की कार्रवाई की जायेगी। आधी- अधूरी हुई कार्रवाई को लेकर वहां उपस्थित जिन लोगों की अवैध होर्डिंग तोड़ी और हटाई गई उनके द्वारा नपा की पक्षपात पूर्ण कार्यवाही को लेकर नाराजगी जताई गई।

उमा ग्राफिक्स की होर्डिंग हटने के पहले क्यों रुकी कार्रवाई ?

नगरपालिका परिषद सीधी के सीएमओ के आदेश पर अतिक्रमण प्रभारी द्वारा आज नवीन बस स्टैण्ड शुरु हुई कार्रवाई कन्या महाविद्यालय के सामने उमा ग्राफिक्स संचालक श्रीकांत जायसवाल की अवैध होर्डिंग हटाने के पहले कार्यवाई रोंक कर नपा का अमला वापस चला गया।

यहां अवैध होर्डिंग्स की थी भरमार

शहर के प्रमुख चौराहे एवं मुख्य सड?ों के किनारे अवैध होर्डिंग्स की भरमार थी। सबसे ज्यादा अवैध होर्डिंग्स सम्राट चौक, अस्पताल तिराहा, कलेक्ट्रेट चौक, गर्ल्स कालेज के सामने लगी हुई थी। इसके अलावा न्यू बस स्टैंड क्षेत्र में भी अवैध होर्डिंग्स का जाल फैल रहा था। अवैध होर्डिंग्स को लगवाने में नगर पालिका का अमला ही प्रमुख तौर पर जिम्मेदार बताया जा रहा था। इनके संरक्षण एवं निजी स्वार्थ सिद्धि के चलते शहर में अवैध होर्डिंग्स लगाने की होड मची हुई थी। चर्चा के दौरान कुछ प्रबुद्ध नागरिकों का कहना था कि नगर पालिका प्रशासन यदि अवैध होर्डिंग्स को लगाने पर सही तरीके से कार्रवाई करती तो स्थिति इस तरह नहीं होती। शहर के प्रमुख चौराहे एवं सड?ों के किनारे अवैध होर्डिंग्स की भरमार थी। नगर पालिका के संबंधित अमले को अब यह सुनिश्चित करनी है कि शहर के मुख्य सड?ों एवं चौराहों में अवैध होर्डिंग्स आगे भी न लगे। इसके लिए नगर पालिका के अतिक्रमण शाखा के अमले को पूरी तरह से चौकस होकर कार्रवाई करनी चाहिए। अवैध होर्डिंग्स शहरी क्षेत्र में लगने पर संबंधितों के विरुद्ध जुर्माना कार्रवाई के साथ ही अवैध होर्डिंग्स को हटाने की कार्रवाई भी प्राथमिकता से सुनिश्चित होनी चाहिए। नगरपालिका द्वारा आज अवैध होर्डिंग हटाने की आधी -अधूरी कार्यवाही को लेकर जहां कई सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं अब देखना है कि नपा अमले के दावे के अनुसार कल आगे अवैध होर्डिंग हटाने की कार्रवाई होती है कि नहीं या फिर एक बार फिर अवैध होर्डिंग हटाने के नाम पर खानापूर्ति तक ही सीमित रह जायेगी।

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 163 लोगों की समस्याएं, कार्यवाही के निर्देश

नवभारत न्यूज

सीधी 04 नवंबर। शासन के निर्देशानुसार नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है।

इसी क्रम में आज की जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने जिले भर से आए नागरिकों की कुल 163 समस्याएँ सुनीं। कलेक्टर सोमवंशी ने सभी प्रकरणों की गंभीरता से सुनवाई करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल एवं प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई शासन और जनता के बीच संवाद का सशक्त माध्यम है, इसलिए इसमें प्राप्त प्रत्येक आवेदन का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों पर प्रारंभिक जांच तुरंत कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए तथा हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर देरी या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी और नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जाएगी।

कलेक्टर सोमवंशी ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि नागरिकों को वास्तविक राहत प्रदान करना है। प्रत्येक विभाग यह सुनिश्चित करे कि आमजन को उनके अधिकारों और सुविधाओं का लाभ बिना किसी भटकाव के मिले। उन्होंने जनसुनवाई में प्रस्तुत प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश भी दिए ताकि निराकरण की गति और पारदर्शिता बनी रहे।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, अपर कलेक्टर बीपी पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर राजेश शुक्ला, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास राकेश शुक्ला, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धनंजय मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई से जुड़े रहे।

शुरू हुआ घर-घर मतदाता सत्यापन अभियान, पहुंचेंगे बीएलओ

▶ विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के अंतर्गत 4 दिसम्बर तक चलेगा अभियान

नवभारत न्यूज

सीधी 04 नवंबर। निर्वाचन आयोग भारत द्वारा मध्यप्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इस अंतर्गत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जाएगा।

इस अवधि में प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मतदाताओं के घर पहुंचकर उनके नाम, पता, आयु एवं अन्य विवरणों का भौतिक सत्यापन करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. संजीव झा ने नागरिकों से अपील की है कि जब बीएलओ आपके घर आएं, तो उन्हें पूरा सहयोग प्रदान करें। बीएलओ के पास मतदाता सूची 2025 के अनुसार प्री-प्रिंटेड एन्यूमरेशन फॉर्म होगा, जिसमें मतदाताओं का नाम, पता एवं ईपिक नंबर दर्ज रहेगा। नागरिकों से अपेक्षा की गई है कि वे इस फॉर्म में दर्ज जानकारी को ध्यानपूर्वक जांचें एवं पुष्टि करें। जिन परिवारों में कोई नया सदस्य 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है, उनका नाम जोड़ने हेतु बीएलओ द्वारा आवश्यक फॉर्म उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं, जिन परिवार सदस्यों का निधन हो गया है या जो अन्यत्र स्थानांतरित हो गए हैं, उनकी जानकारी भी बीएलओ को दी जा सकेगी ताकि उनके नाम सूची से विलोपित किए जा सकें। यह ध्यान देने योग्य है कि बीएलओ सर्वेक्षण के दौरान कोई दस्तावेज एकत्र नहीं करेंगे। दस्तावेज तभी आवश्यक होंगे जब किसी प्रविष्टि का सत्यापन पूर्ववर्ती रिकॉर्ड से मेल न खाए। ऐसी स्थिति में निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अलग से सूचना देकर दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहेगा। सभी बीएलओ आयोग द्वारा जारी अधिकृत पहचान पत्र लेकर आएंगे, अतः नागरिक उनसे पहचान-पत्र देखकर ही जानकारी साझा करें।

पांच वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

नवभारत न्यूज

सीधी 04 नवंबर। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने ई-उपार्जन पोर्टल में कोदो का पंजीयन नहीं किये जाने पर पांच वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है।

नोटिस प्राप्त करने वालों में सुरदलाल रेदास विकासखण्ड सिहावल, रामकुमार कोल रामपुर नैकिन, एस.पी. साकेत कुसमी, विवेक कुमार दुबे सीधी एवं पी.के. वर्मा मझौली शामिल हैं। उप संचालक ने बताया कि ई-उपार्जन पोर्टल में मिलेट अन्तर्गत कोदो के पंजीयन हेतु समितियों की स्थापना की गई थी। 31 अक्टूबर 2025 की स्थिति में संबंधित समितियों द्वारा अत्यधिक कम पंजीयन किया गया है, जबकि निरंतर मौखिक निर्देश दिए गए थे कि शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। इस दिशा में उदासीनता और कार्य में रुचि न लेना हीलाहवाली एवं स्वेच्छाचारिता को दर्शाता है, जो मप्र सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के अंतर्गत कदाचार की श्रेणी में आता है तथा दंडनीय है।

उप संचालक ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे नोटिस प्राप्ति के एक सप्ताह के भीतर अपना स्पष्टीकरण पत्र प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि में स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में आगामी एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही, पंजीयन की अंतिम तिथि से पूर्व निर्धारित लक्ष्य के अनुसार प्रगति की जानकारी प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

सीधी जिले के 83 स्कूलों में संचालित हैं वोकेशनल कोर्स

▶ 14 हजार से अधिक विद्यार्थी ले रहे हैं व्यावसायिक शिक्षा

नवभारत न्यूज

सीधी 04 नवंबर। एपीसी रमसा डॉ. सुजीत कुमार मिश्र ने जानकारी देकर बताया कि सीधी जिले के सभी पांचों विकासखण्डों में कुल 83 विद्यालयों में नौ ट्रेड के अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षा संचालित की जा रही है।

इन विद्यालयों में कुल 14,463 विद्यार्थी व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जिनमें 6,508 बालक एवं 7,955 बालिकाएं शामिल हैं। इन ट्रेडों में कृषि में 2,344, ब्यूटी एंड वेलनेस में 2,321, इलेक्ट्रॉनिक एवं हार्डवेयर में 1,637, हेल्थ केयर में 915, आईटी में 5,436, फिजिकल एजुकेशन में 385, सिक्योरिटी में 153, सीविंग मशीन (अपैरल) में 1,146 तथा प्लम्बिंग में 126 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। अकेले आईटी क्षेत्र में 5,436 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। वहीं बालिकाएं भी व्यावसायिक शिक्षा में पीछे नहीं हैं। ब्यूटी एंड वेलनेस में 2,321 छात्राएं स्किल प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। वोकेशनल विद्यालयों में सभी ट्रेडों के लिए अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की गई है, जो सैद्धांतिक अध्ययन के साथ प्रायोगिक प्रशिक्षण, इंडस्ट्री विजिट, गेस्ट लेक्चर और भविष्य के लिए जॉब रोल संबंधी कार्य कर रहे हैं।

सीधी-सिंगरौली कलेक्टर को धौहनी विधायक ने लिखा पत्र

नवभारत न्यूज

सीधी 04 नवंबर। असमय अतिवृष्टि होने के कारण धौहनी क्षेत्र मे खरीब फसल के हुए नुकसानी और हुए नुकसान का सर्वे कराकर किसानो कों क्षतिपूर्ति राहत राशि दिलाये जाने धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने सीधी एवं सिंगरौली जिले के कलेक्टर को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है.

उन्होने पत्र मे उल्लेख किया है कि मेरे विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विकासखंड कुसमी, मझौली एवं देवसर मे बिना मौसम अतिवृष्टि होने के कारण खरीब सीजन की फसलें नष्ट हो गयी है। पत्र के माध्यम से ही उन्होंने किसानो की फसलों की नुकसानी का सर्वे कराकर शासन के नियमानुसार क्षतिपूर्ति अनुग्रह राशि दिलाये जाने की बात कही है।

कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

मझौली 04 नवंबर। शास्त्रों में वर्णित है कि वेद वृक्ष रुपी है तो भागवत पुराण कथा उसका फल है जो पेड़ से भी महत्वपूर्ण है। उक्त प्रसंग जनपद पंचायत मझौली अंतर्गत ग्राम ताला में रामचंद्र तिवारी के आवास पर उनकी माता बेटीबाई तिवारी पति स्व. कौशल प्रसाद तिवारी के मरणोपरांत वार्षिक स्मृति में आयोजित भागवत कथा पुराण यज्ञ के प्रथम दिवस पर शुभारंभ के अवसर पर व्यास पीठ से कथा प्रवक्ता आचार्य पवन भाई मिश्रा श्री धाम वृंदावन व तपोधम चित्रकूट के द्वारा भागवत प्रसंग में बताया गया।

बताते चलें इसके पूर्व वैदिक क्रियाओं के साथ कलश पूजन एवं कलश यात्रा का कार्यक्रम संपन्न हुआ जहां उनके आवास से गाजे बाजे, आतिशबाजी एवं भगवान के जयकारों के साथ यात्रा दुर्गा चौराहा होते हुए देवी तालाब कालिका माता मंदिर में पहुंची जहां देव पूजन के पश्चात कलश पूजन संपन्न कर जल के साथ वापस कथा स्थल पर आकर भागवत का शुभारंभ किया गया, जहां श्री तिवारी के कुल गुरु रमाकांत मिश्र का व्यास पीठ में पूजन वंदन किया गया। फिर उनके आशीर्वाद एवं आदेश अनुसार श्री महाराज के पुत्र आचार्य पवन जी महाराज द्वारा व्यास पीठ से कथा का वाचन किया गया, जहां श्री तिवारी के रिश्तेदार, आचार्य, पंडित एवं ग्रामीण जन महिला पुरुष शामिल रहे। कथा के प्रथम दिवस में सनकादिक ऋषियों द्वारा सूत से संवाद किया गया एवं नारद जी से संवाद किया गया। उसी प्रसंग में बताया गया कि वेद वृक्ष रुपी है तो भागवत पुराण की कथा उसका पका फल है।

कथा संगीतमय हो रही है। जहां भागवत के साथ भजन, स्तुति सुरताल के साथ प्रस्तुत किया जाता है। संगीत मंडली में आर्गन में नंदकिशोर, हारमोनियम में महेश गौतम, तबला में राम जी एवं पैड में संतोष अपने प्रस्तुति देते हैं। कथा का शुभारंभ आज 4 नवंबर मंगलवार से हुआ है जिसका समापन 10 नवंबर 2025 एवं हवन एवं भंडारा का कार्यक्रम 11 नवंबर को निर्धारित किया गया है। कथा प्रवचन का समय दोपहर 2 बजे से शाम तक नित्य जारी रहेगा।

इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 15 टूर्नामेंट के लिए सीधी की टीम घोषित

रीवा में एमपीसीए ग्राउंड पर आज से होगा दो दिवसीय मुकाबला

नवभारत न्यूज

सीधी 04 नवंबर। जिला क्रिकेट संघ सीधी (डीसीए सीधी) द्वारा आगामी इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए सीधी जिला टीम की घोषणा की गई है।

यह प्रतियोगिता 5 नवंबर 2025 से रीवा के एमपीसीए ग्राउंड में शुरू होगी, जहां सीधी और रीवा की टीमें आमने.सामने होंगी। यह मैच दो दिवसीय प्रारूप में खेला जाएगा। घोषित टीम में दिव्यांश सिंह कप्तान, कार्तिकेय सिन्हा, सिद्धांत सिंह, आदित्य राज मौर्य, प्रतीक गुप्ता, युवराज केशरी, अथर्व तिवारी, शौर्य प्रताप सिंह, अर्जुन जायसवाल, कुनाल सिंह, अभिषेक बंसल, पार्थ पाण्डेय, उत्कर्ष जायसवाल, पुन्यांशु, रुद्र प्रताप सिंह शामिल हैं। इस टीम का चयन जिला क्रिकेट संघ सीधी की चयन समिति द्वारा खिलाड़ियों के प्रदर्शन और योग्यता के आधार पर किया गया है।

संघ के अध्यक्ष पूर्व विधायक गोपद बनास राव कृष्ण कुमार सिंह भंवर साहब एवं सचिव उपेंद्र सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सीधी जिले के खिलाड़ियों में प्रतिभा और अनुशासन की कोई कमी नहीं है। हमें विश्वास है कि हमारी टीम शानदार प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाएगी।

मधुर वीरानी बने चार्टर्ड अकाउंटेंट

चार्टर्ड अकाउंटेंसी की प्रतिष्ठित परीक्षा के सितंबर 2025 का परिणाम 3 नवंबर को इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा घोषित किया गया। इस परिणाम में मधुर वीरानी ने 22 वर्ष की आयु में चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए की परीक्षा के दोनों ग्रुप एक साथ प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण कर उल्लेखनीय सफलता हासिल करके समस्त सीधी नगर एवं सिंधी समाज को गौरवान्वित महसूस कराया है। मधुर वीरानी ने अपने सीए की पढ़ाई वर्ष 2021 के कोरोना काल की अवधि में प्रारंभ की एवं फाउंडेशन, इंटर मीडिएट एवं फाइनल की परीक्षाएं लगातार मेहनत एवं समर्पण से प्रथम प्रयास में ही उत्तीर्ण की है। केवल 22 वर्ष की आयु में संपूर्ण सीए पाठ्यक्रम पूर्ण कर मधुर वीरानी ने यह सिद्ध किया कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। मधुर वीरानी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने सतगुरु देव भगवान एवं माता-पिता के आशीर्वाद को दिया है। मधुर वीरानी के दादा वालूराम पैलाजानी, माता पिता वंदना-शमन लाल वीरानी एवं कपिल पैलाजानी टैक्स एडवोकेट एवं संदेश पैलाजनी ने शुभकामनाएं दी हैं।

यादें अर्जुन सिंह : अलंकरण समारोह का आज आयोजन

रमेश चेन्निथला और सांसद किशोरीलाल शर्मा आएंगे, अखिल भारतीय मुशायरा और कवि सम्मेलन भी होगा

नवभारत न्यूज

सीधी 04 नवंबर। वरिष्ठ राजनेता और लोकसेवक स्व. अर्जुन सिंह की जयंती पर राजधानी भोपाल में पांच नवंबर को अर्जुन सिंह अलंकरण समारोह आयोजित किया गया है। इस अवसर पर अखिल भारतीय मुशायरा और कवि सम्मेलन का प्रतिष्ठापूर्ण आयोजन होगा। यह आयोजन रविन्द्र भवन मुक्ताकाश मंच में रात्रि आठ बजे से आरम्भ होगा।

अर्जुन सिंह अलंकरण से सप्रे संग्रहालय के संस्थापक वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर, पूर्व ओलम्पियन हाकी खिलाड़ी अशोक ध्यानचन्द्र, कलाधर्मी पद्मश्री हरिचन्दनसिंह भट्टी और प्रसिद्ध कबीर लोक गायक पद्मश्री प्रहलाद सिंह टिपानिया को उनके सृजन सक्रिय योगदान के लिये अलंकृत किया जायेगा। इस अवसर पर आयोजित मुशायरा और कवि सम्मेलन में प्रख्यात रचनाकार ताहिर फराज रामपुर, पापुलर मेरठी मेरठ, शकील आजमी मुम्बई, खुर्शीद हैदर मुजफ्फरनगर, नदीम फारुख एटा, मुमताज नसीम दिल्ली, बिलाल सहारनपुरी सहारनपुर और तबरेज मुनव्वर राणा लखनऊ अपनी प्रस्तुति देंगे। अर्जुन सिंह सद्भावना मंच द्वारा यादें अर्जुन सिंह समारोह में महाराष्ट्र के कांग्रेस प्रभारी रमेश चेन्निथला मुख्य अतिथि रहेंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अमेठी

के लोकप्रिय सांसद किशोरीलाल शर्मा करेंगे। इसके साथ ही महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आरिफनसीम खान, भोपाल के विधायक आरिफमसूद और आतिफ अकील विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आयोजन समिति के संरक्षक एव पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया और उनके बड़े भाई अभिमन्यु सिंह दादा भाई अतिथियों के स्वागत और आभार के लिए उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति के सचिव डॉ. महेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि प्रदेश भर के गणमान्य लोगों को भी इस अवसर पर आमंत्रित किया गया है। डॉ. महेंद्र सिंह ने बताया कि स्व. अर्जुन सिंह की याद में उनकी जयंती पर यह गरिमामय कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित किया जाता है। वे एक ऐसे शख्स थे जिन्होंने जीवन पर्यन्त राजनीति को लोक सेवा के रूप में देखा। उन्होंने विभिन्न संवैधानिक पदों पर रहते हुए हमेशा पिछड़े, गरीब, अनुसूचित जातियों और जनजातियों को केन्द्र बिंदु में रखकर सरकारी योजनायें बनाई और उन्हें सफलतापूर्वक ज़मीन पर लागू किया। यही कारण है कि इन कामों के लिये आज भी लोग उन्हें तहेदिल से याद करते हैं। बागियों का आत्मसमर्पण, आदिवासियों के लिये तेन्दूपत्ता नीति, पिछड़े वर्गों के लिए महाजन आयोग, झुग्गीवासियों को मालिकाना हक, रिक्शेवालों को मालिकाना हक, कला और संस्कृति का संवर्धन, पंजाब समस्या का समाधान करने के लिए राजीव लोंगोवाल समझौता और शिक्षा के क्षेत्र में अनेक नये-नये संस्थानों के लिए उनका हमेशा नाम लिया जाता है। इसके अलावा नौकरी और शिक्षा में ओबीसी समुदाय को आरक्षण की सिफारिश भी अर्जुन सिंह की देन है। इसी दिन उनकी स्मृति में सबेरे साढ़े दस बजे स्व. अर्जुन सिंह की प्रतिमा पर और ग्यारह बजे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया है।